संवाद

अंक 12 : अक्टूबर से दिसम्बर 2025

त्रैमासिक पत्र

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

स्थापना दिवस व्याख्यान

संस्थान का 18 वा स्थापना दिवस दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को संस्थान परिसर के सभागार में आयोजित किया गया| उक्त समारोह में पर्यावरण योजना और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय केंद्र (सेप्ट) विश्वविद्यालय से प्रो. बरजोर मेहता को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया था| संस्थान के छात्रों ने व्याख्यान के पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी आगंतुकों का मन मोह लिया| उक्त समारोह में संस्थान के शासी मंडल के अध्यक्ष श्री एच. डी. चारण जी भी उपस्थित थे|

रामलीला

एसपीए भोपाल के छात्रों ने नवरात्रि पर्व के दौरान संस्थान परिसर के छात्रावास महाकौशल के प्रांगण में भगवान राम की महान कहानी को जीवंत करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम रामलीला का आयोजन किया |

भवन अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन एसपीए भोपाल में

एसपीए भोपाल, में 3 एवं 4 नवंबर, 2025 को भवन अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन आयोजित किया गया। सम्मलेन में भवन अभियांत्रिकी में आधुनिक तरीके, निर्माण प्रबंधन अभ्यास में प्रगति, टिकाऊ डिजाइन और निर्माण अभ्यास, शहरी बुनियादी संरचना की परियोजनाओं पर चुनौतियां और प्रबंधन नवाचार, इत्यादि विषयों पर विशेष चर्चा की गई|

उक्त कार्यक्रम में प्रो. एच डी चारण, अध्यक्ष, शासी मण्डल (मुख्य अतिथि), प्रो. कैलाश राव एम. निदेशक, प्रो. वी.के. पॉल, डायरेक्टर, एसपीए दिल्ली, प्रो. रमेश श्री कोंडा, निदेशक, एसपीए विजयवाड़ा सम्मिलित हुए |

कलरव

संस्थान परिसर में नये छात्रों का स्वागत समारोह “कलरव” 1 नवंबर 2025 को आयोजित किया गया|



डिज़ाइन एप्रिसिएशन आवार्ड 2025

इन्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए), भोपाल सेंटर द्वारा आयोजित “डिज़ाइन एप्रिसिएशन आवार्ड 2025”, वह पुरस्कार हैं जो वास्तुविद को आवास, भू निर्माण, वाणिज्यिक भवनों और वास्तुकला के संबद्ध क्षेत्रों सहित विभिन्न श्रेणियों में उनके उत्कृष्ट योगदान और अनुकरणीय परियोजनाओं से संबंधित है।

इस श्रेणी में से शैक्षणिक के लिए “बेस्ट आर्किटेक्चर डिज़ाइन रिसर्च के लिए डॉ. संदीप संकट एवं आर्कि. गरिमा ताम्रकर को पुरस्कार प्राप्त हुआ|

एयरपोर्ट डिज़ाइन, प्लानिंग और मैनेजमेंट पर 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

एसपीए भोपाल के परिवहन योजना विभाग ने दिनांक 11 दिसंबर 2025 से “एयरपोर्ट डिज़ाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट” पर 14 दिन का ऑनलाइन कार्यकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया |

एसपीए भोपाल में "सतत जीवन शैली एवं जलवायु अनुकूल निर्माण अभिकल्पना एवं योजना" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन।

एसपीए भोपाल में दिनांक 7 एवं 8 नवम्बर 2025 को "सतत जीवन शैली एवं जलवायु अनुकूल निर्माण अभिकल्पना एवं योजना" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, विभिन्न विषयों पर पैनल चर्चा के छह सत्र आयोजित किए गए। सम्मलेन में विशेषज्ञ पद्मश्री श्री महेश शर्मा, पर्यावरण संरक्षणवादी और सामाजिक कार्यकर्ता,पद्मश्री डॉ. जनक पाल्टा मैकगिलिगन, संस्थापक-निदेशक, जिमी मैकगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, इंदौर, डॉ. प्रसाद देवधर, भागीरथ ग्राम विकास प्रतिष्ठान, गोवा के संस्थापक, डॉ. एस. विश्वनाथ, बायोम एनवायर्नमेंटल ट्रस्ट, वाटर विजडम, प्रो. (डॉ.) चित्ररेखा काबरे, प्रोफेसर, वास्तुकला विभाग, एसपीए दिल्ली, सुश्री सुरभि तोमर, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, आर्किटेक्ट. हबीब खान, अध्यक्ष, शासी मण्डल, एसपीए दिल्ली, सुश्री आर्य चावड़ा, लेखिका, चित्रकार, वक्ता, पर्यावरण कार्यकर्ता, आर्किटेक्ट संदीप विरमानी, आर्किटेक्ट अमोघ कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, शासी मण्डल, एसपीए विजयवाड़ा, डॉ. अंशू शर्मा, डॉ. राजन कोटरू, मुख्य तकनीकी सलाहकार, इंडो-जर्मन कार्यक्रम, आर्किटेक्ट कृति ढींगरा, प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, संश्रया डिज़ाइन स्टूडियो, धर्मशाला आर्किटेक्ट संजीव शंकर, उपस्थित हुए थे जिन्होंने इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन में अपने अनुभव साझा किये|

श्री गोपाल आर्य, राष्ट्रीय संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, समापन सत्र के मुख्य अतिथि थे और प्रो. कैलाश राव, निदेशक एसपीए भोपाल ने सम्मेलन को संबोधित किया । सम्मेलन समन्वयक प्रो. रमा उमेश पांडे ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।